कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद गाजीपुर।

पत्रसंख्या- सो0मी0- स0कार्य-05/2024 **दिनांक 25/06//2024**

सेवा में,

अपर पुलिस महानिदेशक,

वाराणसी जोन, वाराणसी, उ0प्र0।

अपने पत्र संख्य़ाःवीजेड-सोशल मीडिया-(18)/2020/10720,दिनांकःजून 04,2020 व पत्र संख्याः41/6-पु-3/2020,दिनांकः04/06/2020 का (छायाप्रति संलग्न) का संदर्भ ग्रहण करने की कृपा करें, जो पुलिस विभाग एवं उसके अन्य इकाईयों द्वारा किये जाने वाले सराहनीय कार्यों एवं विशिष्ट उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार किये जाने विषयक है।

कृपया

उक्त के संबंध में सादर अवगत कराना है कि जनपद गाजीपुर के पुलिस कर्मियों द्वारा उत्कृष्ट/सराहनीय कार्य के संबंध में **दिनांक 24.06.2024** की संबंधित सूचना निम्नवत् है-

01. स्वाट सर्विलांस व थाना कोतवाली की संयुक्त टीम द्वारा शहर में अवैध तरीकों से नशीलीं दवाओं का कारोबार करने वाले गिरोह के सरगना सहित 11 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया तथा उनके पास से भारी मात्रा में दवाईयाँ, इंजेक्शन व नकदी बरामद करने में सफलता प्राप्त की गई।

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर के कुशल मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में स्वाट/सर्विलांस व थाना कोतवाली, पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर महुआबाग थाना कोतवाली से दिनांक 23.06.2024 को समय करीब 22.40 बजे 11 नफर अभियुक्तगण को गिरफ्तार किया गया। जिनके पास से नशीली इन्जेक्शन बुप्रीरेज (बुप्रीनारफीन) इन्जेक्शन 210 पीस प्रत्येक 02 ml एम्पुल तथा 30 शीशी प्रत्येक 10 ml ऐविल इन्जेक्शन एवं 560 पीस निडल और 180 पीस सिरिन्ज बरामद हुआ। जिसके आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 263/2024 धारा 8/21/29 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ का विवरणः

अभियुक्तगण द्वारा बताया गया कि हम लोग बिहार से नशीली दवाइयाँ व इंजेक्शन सस्ते दामों में खरीदते हैं तथा नशा करने वाले लोगों को ऊँची कीमत पर बेचते तथा लगाते हैं।

गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण का नाम- पता व आपराधिक इतिहासः

1. धीरेन्द्र त्रिपाठी पुत्र स्व0 सुरेन्द्र नाथ त्रिपाठी निवासी महुआबाग थाना कोतवाली जनपद गाजीपुर उम्र 60 वर्ष

- मु0अ0सं0 600/23 धारा 323,376,427,452,504,506 भादवि थाना कोतवाली जनपद गाजीपुर

2. छट्ठू राम पुत्र हरेन्द्र राम निवासी टडवा यूसुफपुर थाना मोहम्मदाबाद गाजीपुर उम्र 19 वर्ष
3. सोनू पासवान पुत्र सुरेश पासवान निवासी नवपुरा यूसुफपुर थाना मोहम्मदाबाद गाजीपुर उम्र 25 वर्ष
4. अजय कुमार चौबे पुत्र स्व0 ओम प्रकाश चौबे निवासी राजापुर थाना करीमुद्दीनपुर जनपद गाजीपुर उम्र 51 वर्ष
5. सत्या डोम पुत्र हलवाई डोम निवासी ताडी घाट थाना सुहवल जनपद गाजीपुर उम्र 18 वर्ष
6. रोहित पुत्र स्व0 पटकू निवासी खुदाईपुरा थाना कोतवाली जनपद गाजीपुर उम्र 19 वर्ष

7. सुजीत कुमार पुत्र मुन्नू निवासी चीतनाथ छवलका इनार थाना कोतवाली गाजीपुर उम्र 21 वर्ष
8. सद्दाम पुत्र रफी अहमद निवासी सराय की गली थाना कोतवाली जनपद गाजीपुर उम्र 22 वर्ष
9. राजेश पुत्र अजय निवासी टडवा कालोनी यूसुफुपुर थाना मोहम्मदाबाद जनपद गाजीपुर उम्र 19 वर्ष
10. शेरू पुत्र लल्लू निवासी नवाब फाटक थाना कोतवाली जनपद गाजीपुर उम्र 19 वर्ष
11. सन्त लाल पुत्र जिउत राम निवासी कलेक्टर घाट थाना कोतवाली जनपद गाजीपुर उम्र 52 वर्ष

<u>बरामदगी का विवरण:</u>

1. नशीली बुप्रीरेज (बुप्रीनारफीन) इन्जेक्शन 210 पीस प्रत्येक 02 ml एम्पुल
2. 30 शीशी प्रत्येक 10 ml ऐविल इन्जेक्शन
3. 560 पीस निडल
4. 180 पीस सिरिन्ज
5. बिक्री का 10020 रुपये व जामा तलाशी का 1980 रुपये

पुलिस अधीक्षक
गाजीपुर